प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 19.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

सिमडेगा में दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान का असर साफ दिख रहा है। गांधी मैदान में सजे बाजार में लोग मिट्टी के दीए, मूर्तियां और झाड़ू जैसे स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूह की सुशीला देवी ने कहा कि इस बार लोगों में स्थानीय उत्पादों को लेकर जागरूकता बढ़ी है और बिक्री भी अच्छी हो रही है।

****

रामगढ़ जिले के कुम्हार लोकल फॉर ग्लोबल की बात को सार्थक कर रहे हैं।

****

उत्तरप्रदेश में अयोध्या में, दीपावली की पूर्व संध्या पर आज शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार राम की पैड़ी सहित अयोध्या के 56 घाटों पर 26 लाख से अधिक दीए जलाकर गिनीज विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराना चाहेगी। इस वर्ष सरयू तट पर इक्कीस सौ वेदाचार्य महाआरती में शामिल होंगे और श्लोक का उच्चारण करेंगे जो एक अन्य विश्व रिकार्ड बन सकता है।

****

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक ऐतिहासिक वैज्ञानिक सफलता के रूप में, घोषणा की है कि उसके चंद्रयान–2 ने अपने वैज्ञानिक उपकरण का उपयोग करके सूर्य से निकलने वाले कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के चंद्रमा पर पड़ने वाले प्रभावों का पहली बार अवलोकन किया है। इस अवलोकन से चंद्रमा के बाह्यमंडल और पतले वायुमंडल तथा उसकी सतह पर अंतरिक्ष मौसम के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी।

****

****

पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने आज शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया जिस में जिले के सात शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि शहीदों का बलिदान अविस्मरणीय है और उनके परिवार समाज के लिए प्रेरणा हैं।

****

सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया ब्लॉक परिसर के पास तालाब किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि परिजनों को सूचना दी जा रही है, जिसके बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

****

मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में बारिश का अनुमान जताया है। आज ही इन जिलों में आंशिक बादल छाए रहने और मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों में रांची में अधिकतम तापमान 29.4 और लातेहार में न्यूनतम 14.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****

रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। यह प्रेस वार्ता अब से कुछ देर में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी के सभागार कक्ष में की जाएगी। इस वार्ता में अधिकारी चैंपियनशिप की रूपरेखा, प्रतिभागी देशों और आयोजन की व्यवस्थाओं की जानकारी देंगे।

****

पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन एकदिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच वर्षा के कारण फिर रुक गया है। मैच रुकने तक भारत ने 16 ओवर और 4 गेंदों में चार विकेट पर 52 रन बना लिए थे।

*******समाप्त*******